हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 26 सितंबर 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 रुपए जमा करने के बाद भी दुकानें नहीं नपा बोली-काम पूरा होने के बाद...



07 बुंदेलखंडीय कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग...



खबर संक्षेप

खेल मैदान निर्माण के लिए भूमि हुई हस्तांतरित

नर्मदापुरम। जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा द्वारा जिले में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की गतिविधियों के लिए प्रचलित भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों का निराकरण करते हुए मध्यप्रदेश शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पक्ष में भूमि हस्तांतरण के आदेश पारित किए हैं।

महादेव वेलफेयर सोसायटी ने सौंपा ज्ञापन

नर्मदापुरम। महादेव वेलफेयर सोसायटी ने शुक्रवार को मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपमहाप्रबंधक को नगर में बिजली कटौती लगातार रोज हो रही है जिला अध्यक्ष मिहिर श्रीवास्तव ने बताया की नर्मदापुरम नगर में रोज बिजली दो से तीन बार कटौती होती हैं जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष रजत यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी दीपक साहू, जिला संयोजक वैभव वर्मा, जिला महामंत्री सत्यम यादव, जिला संरक्षक मयंक तोमर आदि शामिल रहे।

प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर तैनात रहे होमगार्ड और पुलिस के जवान

दोबारा जल्दी लौटने का वादा लेकर नम आंखों से श्रीगणेश को किया विदा

शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के दिन नर्मदांचल में हर्षोल्लास के साथ श्री गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान घाटों पर व्यवस्था बनी रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अनंत चतुर्दशी पर नर्मदापुरम में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हो गया है। शुक्रवार सुबह से ही गणेश पंडालों और घरों में पूजा-अर्चना के साथ भंडारे हुए। इसके बाद दोपहर 12 बजे से श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों के साथ प्रतिमाएं लेकर विसर्जन स्थलों पर पहुंचने लगे।

श्रद्धालु 'गणपति बप्पा मोरया... अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों के साथ गणेश प्रतिमाओं को विदाई दे रहे हैं। विवेकानंद घाट, सेठानी घाट, पोस्ट ऑफिस घाट और हर्बल पार्क घाट पर बनाए गए कृत्रिम कुंडों में प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। दोपहर 2.30 बजे तक चार बड़ी प्रतिमाएं कृत्रिम कुंड तक पहुंची थीं। यहां पूजा के बाद क्रेन की मदद से प्रतिमाओं को कुंड में विसर्जित किया गया।



जगह - जगह बनाए गए कलेक्शन सेंटर



प्रशासन ने विसर्जन को व्यवस्थित करने के लिए प्रतिमा कलेक्शन पॉइंट और ट्रैफिक रूट तय किए हैं। नगर पालिका ने हर्बल पार्क घाट पर विसर्जन की व्यवस्था के साथ पांच जगह कलेक्शन टीम तैनात की है। श्रद्धालु आजाद चौक ग्वालटोली, एसपीएम गेट-4 रसूलिया, हरियाली चौक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, काली मंदिर सतरस्ता और चक्कर रोड मालाखेड़ी के कलेक्शन सेंटर पर भी प्रतिमाएं दे रहे हैं। विवेकानंद घाट समेत अन्य विसर्जन स्थलों पर पूजन सामग्री को नर्मदा नदी में डालने के बजाय अलग जमा करने के लिए काउंटर बनाए गए हैं।

नागरिकों ने किया गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के दिन नागरिकों ने अपने घरों में स्थापित श्रीगणेश प्रतिमाओं का विसर्जन नगर पालिका द्वारा बनाए गए कुण्ड एवं नर्मदा घाटों पर किया। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इस दौरान भक्त सड़कों पर नाचते गाते प्रतिमा विसर्जन ले जाते हुए नजर आए। कुछ लोगों ने अपने निजी चाहन से प्रतिमाएं लाकर प्रतिमा विसर्जन किया।



2 आरोपी गिरफ्तार, देशी पिस्टल और कारतूस जब्त

पुलिस की अवैध हथियारों पर सख्त कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 2 अवैध देशी पिस्टल और कारतूस जब्त किए हैं। 24-25 सितंबर की दरम्यानी रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अंकित वर्मा और शुभम केवट अवैध पिस्टल लेकर घूम रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना स्तर से दो अलग-अलग पुलिस टीमें गठित कर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थानों पर भेजी गईं, जिन्होंने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए आरोपियों और जब्त सामग्री

आरोपी अंकित वर्मा: पिता शेरसिंह वर्मा (उम्र 31 वर्ष), निवासी पानी की टंकी के पास, सोनासांवरी। पुलिस ने इसके पास से एक एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल एमपी 05, जेड एल 1159, एक देशी पिस्टल और 2 कारतूस जब्त किए हैं।

आरोपी शुभम केवट पिता उमाशंकर केवट (उम्र 30 वर्ष), निवासी सोनासांवरी नाका जाटव मोहल्ला, इटारसी। इसके पास से एक देशी पिस्टल और 1 कारतूस जब्त किया है। आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

पुलिस के अनुसार, जब्त की गई कुल सामग्री की अनुमानित कीमत 1,30,000 रुपये है। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना इटारसी में पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक सौरभ पांडे, उप निरीक्षक विपिन पाल, सहायक उप निरीक्षक दिनेश झरबड़े, प्रधान आरक्षक मनमोहन, संदीप अजनेरिया, आरक्षक मुकेश झाड़े, रोहित यादव, और महेन्द्र गुर्जर की अहम भूमिका रही।

28 को भोपाल में कांग्रेस का मार्च, कार्यकर्ता होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



वोट चोरी के मुद्दे को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 28 सितंबर को भोपाल में पैदल मार्च निकाला जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में सुबह 11 बजे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से निर्वाचन कार्यालय, अरेरा हिल्स तक यह मार्च निकाला जाएगा। कार्यक्रम में नर्मदापुरम जिले से अधिक से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने जिले के सभी ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस अध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों से कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ 28 सितंबर को सुबह भोपाल पहुंचकर पैदल मार्च में शामिल होने की अपील की है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने बताया कि कार्यक्रम में जिले की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संगठन स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

सर्व ब्राह्मण समाज के गणेशोत्सव की महाआरती में शामिल हुए नपाध्यक्ष पंकज चौरे, समाज के विकास का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिला सर्व ब्राह्मण समाज की युवा इकाई (युवती दल) द्वारा परशुराम भवन, दूसरी लाइन में पहली बार आयोजित गणेशोत्सव में भारी उत्साह देखने को मिला। आयोजन के तहत विगत दिवस भगवान श्री गणेश की महाआरती का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें इटारसी नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे विशेष रूप से शामिल हुए और विघ्नहर्ता का आशीर्वाद लिया।

महाआरती के पावन अवसर पर नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने सर्व ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष जितेंद्र ओझा सहित उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओं से भेंट की। इस दौरान उन्होंने



समाज को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे ब्राह्मण समाज के संगठन और इसके विकास कार्यों के लिए सतत प्रयत्नशील हैं और हमेशा हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे। उल्लेखनीय है कि जिला सर्व ब्राह्मण समाज के युवती दल द्वारा इस वर्ष प्रथम बार परशुराम भवन में भगवान गणेश जी की स्थापना की गई थी। उत्सव के दौरान प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महाआरती के अगले दिन भगवान को 56 भोग अर्पित कर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस गरिमामयी आयोजन में समाज के जिला सचिव सुनील बाजपेयी, नगर अध्यक्ष अशोक शर्मा, परशुराम सेना के संभागीय अध्यक्ष पंडित दिनेश उपाध्याय, जिलाध्यक्ष प्रकाश दुबे, युवती दल की अध्यक्ष खुशी शर्मा, मनोज शर्मा, संतोष भारद्वाज, मनोज मिश्रा, गुल्लू उपाध्याय, सूर्य प्रकाश मिश्रा सहित नागरिक उपस्थित रहे।

55 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 510 किलोग्राम लाहन सहित देशी-विदेशी मदिरा बरामद, 13 प्रकरण दर्ज



नर्मदापुरम। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न आबकारी वृत्त क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग की टीमों द्वारा की गई कार्रवाई में कुल 55 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 510 किलोग्राम लाहन, 3.6 लीटर देशी मदिरा तथा 12.6 लीटर विदेशी मदिरा बरामद की गई। बरामद मदिरा एवं लाहन की अनुमानित कीमत 76 हजार 500 रुपये बताई गई है। अवैध मदिरा से संबंधित मामलों में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 13 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। आबकारी विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध मदिरा के निर्माण एवं विक्रय की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुए कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी श्री राजीव द्विवेदी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।

इटारसी में आकार ले रहा मध्य भारत का वेंकटेश मंदिर, होगा आस्था का केन्द्र

पत्रकारों ने किया निर्माणाधीन श्री वेंकटेश सुदर्शन धाम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



इटारसी-नर्मदापुरम पत्रकार संघ के साथियों ने नागपुर-भोपाल हाईवे पर निर्माणाधीन श्री वैकुंठ वेंकटेश सुदर्शन धाम का निरीक्षण किया। पत्रकारों ने निर्माण कार्य का अवलोकन करते हुए इसे पूरे प्रदेश में अपनी तरह का अनूठा धार्मिक प्रकल्प बताया। गादी पीठाधीश्वर सुदर्शनाचार्य महाराज एवं युवराज स्वामी 1008 रामकृष्णाचार्य के मार्गदर्शन में यह विशाल धार्मिक स्थल आकार ले रहा है। निर्माणाधीन धाम की विशेषताओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि यहां मध्य भारत का विशालतम वेंकटेश मंदिर बनाया जा रहा है। मंदिर का गोपुरम (राजद्वार) लगभग 75 फीट ऊंचा होगा। मंदिर में तिरुपति में विराजमान भगवान वेंकटेश के समान स्वरूप के दर्शन और पूजा पद्धति की व्यवस्था की जाएगी। मंदिर परिसर में तीन गर्भगृह बनाए जा रहे हैं, जिनमें भगवान वेंकटेश, माता पद्मावती और श्री रामानुज वैष्णव परंपरा के परमाचार्य रामानुज स्वामी विराजमान होंगे।

धाम में नागरिकों को धर्म और राष्ट्र की अभिन्नता का संदेश देने के उद्देश्य से 100 फीट से अधिक ऊंचे राष्ट्रध्वज और धर्मध्वज भी स्थापित किए जाएंगे। मंदिर में नियमानुसार ब्रह्मोत्सव सहित विभिन्न धार्मिक उत्सवों का आयोजन निरंतर किया जाएगा। श्रद्धालु भगवान के कल्याणोत्सव, अभिषेक, नित्य यज्ञ, ब्रह्मोत्सव सहित विभिन्न धार्मिक सेवाओं का पुण्य लाभ प्राप्त कर सकेंगे। परिसर में मंदिर की पुष्करिणी भी बनाई जा रही है, जिसमें अनंत पद्मनाभ स्वामी का विग्रह स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही म्यूजिकल फाउंटेन, गोशाला, योगशाला, ध्यान केंद्र और यात्री निवास जैसी सुविधाएं भी प्रस्तावित हैं। मंदिर परिसर में विद्वान पुरोहितों द्वारा पूर्ण वैदिक विधि-विधान से विवाह एवं अन्य संस्कार संपन्न कराने की व्यवस्था भी रहेगी। धाम में लगभग 15 हजार वर्ग फीट का विशाल उत्सव एवं सत्संग हॉल भी बनाया जा रहा है, जहां धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे।मंदिर निर्माण की व्यवस्थाओं का दायित्व अर्पण महेश्वरी एवं उनके सहयोगियों द्वारा देखा जा रहा है।

निर्माण कार्य में सचिन मालवी के साथ दक्षिण भारत के इंजीनियर भी तकनीकी सहयोग दे रहे हैं। बताया गया कि 6 नवंबर 2021 को मध्यप्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल मंगू भाई पटेल द्वारा धाम का भूमिपूजन किया गया था, जिसके कुछ समय बाद निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। वर्तमान में निर्माण कार्य जारी है और इसे पूर्ण होने में लगभग दो से तीन वर्ष और लगने का अनुमान बताया गया है।

पत्रकार मिलन समारोह में अधिकारियों ने साझा की कार्यप्रणाली और विभागीय जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



फोरलेन स्थित एक निजी रिसॉर्ट में नायब तहसीलदार कृष्णकांत उइके एवं स्टेट जीएसटी इटारसी सर्कल की असिस्टेंट कमिश्नर श्रीमती रेणुका चौहान उइके द्वारा पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के पत्रकारों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ पत्रकार रोहित नागे एवं मनीष ठाकुर द्वारा नायब तहसीलदार कृष्णकांत उइके एवं असिस्टेंट कमिश्नर श्रीमती रेणुका चौहान उइके का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किए जाने के साथ हुई। कार्यक्रम के मंच पर दोनों अधिकारियों के साथ वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार भूपेंद्र विश्वकर्मा ने किया।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार कृष्णकांत उइके ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए अपने पद की जिम्मेदारियों एवं कार्य विभाजन से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न कार्यों और प्रशासनिक स्तर पर उनकी भूमिका के बारे में भी जानकारी दी। वहीं स्टेट जीएसटी इटारसी सर्कल की असिस्टेंट कमिश्नर रेणुका चौहान उइके ने जीएसटी से संबंधित विभिन्न विषयों पर पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने जीएसटी नंबर लेने की अनिवार्यता, जीएसटी से जुड़े प्रावधानों तथा जीएसटी चोरी जैसे मामलों की जानकारी दी।

श्री अभिमन्यु के चिकित्सा शिविर का हुआ सफल शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सुखतवा आश्रम में प्रारंभ हुए विशेष चिकित्सा शिविर के पहले दिन क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह देखने को मिला। शिविर के प्रथम दिवस पर बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने श्री अभिमन्यु से व्यक्तिगत स्वास्थ्य परामर्श प्राप्त किया और उनकी उपचार पद्धतियों का लाभ उठाया। पहले दिन का सत्र अत्यंत व्यवस्थित और उत्साहवर्धक रहा। शिविर की उपयोगिता और लोगों के सकारात्मक अनुभव को देखते हुए आयोजकों ने जानकारी दी कि यह सेवा आगामी तीन दिनों तक लगातार जारी रहेगी। क्षेत्र के जो नागरिक उपस्थित नहीं हो सके, वे , 26 और 27 सितंबर को प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आश्रम पहुंचकर इस चिकित्सा परामर्श का लाभ ले सकते हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे समय पर पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।

स्थानीय सर्किट हाउस में महारानी 5 की शूटिंग का शुभारंभ करते हुए बोले कलेक्टर सोमेश मिश्रा

नर्मदांचल में फिल्म पर्यटन की असीम संभावनाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन का प्रयास को सार्थकता मिल रही है हमारे जिले में पर्यटन के साथ साथ फिल्म टूरिज्म बढ़ रहा है महारानी जैसी लोकप्रिय बेव सीरीज का लगातार पांच वर्ष से हर सीजन में नर्मदापुरम में शूटिंग होना जिले में फिल्म टूरिज्म के नए आयाम गढ़ रहा है।

यह बात कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने महारानी 5 की शूटिंग का शुभारंभ करते हुए कही। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि फिल्मों की शूटिंग से सिर्फ लोकेशन को एक्सपोजर ही नहीं मिलता बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को उचित मंच मिलता है और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ते है जिससे अर्थ व्यवस्था मजबूत होती है।

स्थानीय सर्किट हाउस में गुरुवार से महारानी सीजन 5 की शूटिंग का शुभारंभ कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस थोटा ने मुहूर्त शॉट का क्लैप देकर किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, डीएफओ गौरव शर्मा, सीएमओ वैभव देशमुख विशेष रूप से उपस्थित थे। कांगड़ा टॉकीज की और से प्रड्यूसर नरेन कुमार, कार्यकारी निर्माता शशि ठाकुर, लाइन प्रोड्यूसर श्रीजीत इंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के राजेंद्र सिंह ठाकुर, शैलेन्द्र कौरव, श्रीजीत ठाकुर, संजय शर्मा, महेंद्र तोमर, मोनेश मालवीय, ऋषभ तिवारी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। महारानी की लीड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने कहा कि नर्मदापुरम मेरी पसंदीदा जगह में से नर्मदापुरम में शूटिंग फ्रेंडली माहौल है और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से यहां शूट करना बेहद आसान होता है। उन्होंने जिला प्रशासन के सहयोग लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। निर्माता नरेन कुमार ने कहा कि मैं तीन दशक से इंडस्ट्रीज में काम कर रहा हूं दर्जनों प्रोजेक्ट बनाए, कई शहरों में शूटिंग के लिए जाते है पर जो प्यार और सकारात्मक ऊर्जा नर्मदापुरम में मिलती है वो कहीं नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि पांच साल से वे लगातार नर्मदापुरम आ रहे है अब तो यहां सभी लोग मित्रवत हो गए है जैसे जन्मभूमि और कर्म भूमि होती है उसी तरह नर्मदापुरम मेरे लिए मित्रभूमि है उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास रहता है कि न सिर्फ मैं स्वयं यहां शूटिंग करूं बल्कि इस बात के लिए भी प्रयासरत रहता हूं कि इंडस्ट्रीज से जुड़े अन्य मित्र भी यहां आकर शूटिंग करें। कार्यकारी निर्माता शशि ठाकुर ने कहा कि महारानी की सफलता में नर्मदापुरम प्रशासन और यहां के स्थानीय लोगों के सहयोग की भी बड़ी भूमिका रही है। एसपी साईं कृष्णा एस थोटा ने कहा कि नर्मदांचल प्राकृतिक रूप से सुंदर है साथ ही स्थानीय प्रतिभाओं में भी अपार संभावनाएं है आने वाले समय में क्षेत्र में और अधिक फिल्मांकन हो जिससे नव रोजगार का सृजन हो यही हमारा प्रयास है। उन्होंने कहा कि वेब सीरीज महारानी की शूटिंग और उसकी राष्ट्रीय स्तर पर मिली सफलता ने नर्मदापुरम को नई पहचान दिलाई है, जिससे आने वाले समय में और फिल्म प्रोजेक्ट क्षेत्र में आयेंगे। डायरेक्टर पुनीत प्रकाश ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग और स्थानीय लोगों के शूटिंग फ्रेंडली व्यवहार से जो भी यहां शूटिंग करने आता है वो चाहता है कि यहां बार बार शूटिंग करने आए निश्चित ही भविष्य में नर्मदापुरम एक बड़ा शूटिंग हब बनेगा। सीईओ जिला पंचायत हिमांशु जैन ने कहा कि नर्मदापुरम की अपनी एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान थी लेकिन महारानी जैसे लोकप्रिय वेबसीरीज के फिल्मांकन ने अब बॉलीवुड में भी नर्मदापुरम को एक अलग पहचान दी है।

खबर संक्षेप

मेंटनेंस के कारण बंद रहेगी बिजली

बैतूल। बिजली कंपनी द्वारा सबस्टेशन के मेंटेनेंस कार्य और पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पोल शिफ्टिंग कार्य के चलते 27 सितंबर को टाउन- 1 और टाउन- 2 फीडर की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन- 2 के प्रबंधक ने बताया कि 27 सितंबर को स्वीकृत कार्य के चलते प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक टाउन- 2 फीडर के लिंक रोड, चंद्रशेखर वार्ड, कारगील चौक, बारस्कर कालोनी, इंदिरा वार्ड, पीडब्लूडी कालोनी, कोठी बाजार , कंपनी गार्डन, आजाद वार्ड, गर्ल्स कालेज, वीवीएम कालेज, तल्लैया मोहल्ला, अम्बेडकर चौक, उमप किराना, राठी अस्पताल, ड्रीम होम्स कालोनी, नेहरू पार्क, आदि क्षेत्र तथा टाउन- 1 फीडर के कोर्ट परिसर, पेट्रोल पम्प, पुलिस पेट्रोल पम्प, पुलिस कन्ट्रोल रुम, जिला पंचायत, ट्राइबल कार्यालय, एमपीईबी कार्यालय कलेक्ट्रेट कार्यालय, सर्किट हाउस, कर्मचारी भवन एवं गर्ल्स हॉस्टल आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि किन्हीं अपरिहार्य कारणों से विद्युत कटौती समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

वार्षिक साधारण सभा 28 सितंबर को

बैतूल। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बैतूल की 117 वीं वार्षिक साधारण सभा 28 सितंबर को दोपहर 3 बजे से प्रधान कार्यालय बैतूल में आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बैतूल सुश्री परिधि परिधि अग्रवाल ने बैंक के समस्त अंशधारी सहकारी संस्थाओं से यथा समय वार्षिक साधारण सभा में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

ट्रेन में युवक की तबीयत बिगड़ी, बैतूल में मौत

बैतूल। बैतूल के सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस में सफर कर रहे बिहार के 27 वर्षीय युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। ट्रेन बैतूल रेलवे स्टेशन पहुंची तो उसे उतारकर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पहचान गोपालगंज, बिहार निवासी धर्मेंद्र पिता शिवनाथ महतो (27) के रूप में हुई है। धर्मेंद्र अपने बड़े भाई और दो अन्य साथियों के साथ सिकंदराबाद से दानापुर जा रहा था। सफर के दौरान तबीयत खराब होने पर साथियों ने रेलवे स्टाफ और जीआरपी को इसकी सूचना दी। इसके बाद बैतूल स्टेशन पर उसे ट्रेन से उतारा गया और अस्पताल पहुंचाया गया। जीआरपी के मुताबिक, धर्मेंद्र की मेडिकल हिस्ट्री भी सामने आई है। बताया गया है कि पिछले करीब तीन महीने से उसका टीबी का इलाज चल रहा था। हालांकि, उसकी मौत की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगा। जीआरपी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

महिला ने जहरीला पदार्थ खाया, मौत

बैतूल। बीजादेही थाना क्षेत्र के बालोर मोरांढाना गांव में 50 वर्षीय महिला ने खेत पर बने मकान में जहरीला पदार्थ खा लिया। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे घटना के समय महिला मकान में अकेली थीं। गंभीर हालत में उन्हें चिचोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बैतूल जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान बालोर मोरांढाना निवासी सरस्वती पति अयोध्या प्रसाद काजले (50) के रूप में हुई है। गुरुवार दोपहर सरस्वती खेत पर बने मकान में अकेली थीं। उनके पति खेत में काम करने गए थे। इसी दौरान उन्होंने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद पति घर लौटे तो सरस्वती बेहोशी की हालत में मिलीं। परिजन उन्हें तुरंत चिचोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें बैतूल जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान गुरुवार देर रात उनकी मौत हो गई।

नई दुकानों में शटर लगने के बाद भी गुमटियों में दुकानदार

रुपए जमा करने के बाद भी दुकानें नहीं नपा बोली-काम पूरा होने के बाद देंगे दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

गंज मंडी कॉम्प्लेक्स में दुकानों का सपना देख रहे व्यापारियों को अभी कुछ समय और इंतजार करना पड़ेगा। इसके पीछे कारण यह है कि प्रोजेक्ट पूरा होने और गंज मंडी कॉम्प्लेक्स की सभी दुकानें बनने के बाद ही दुकानें आवंटित होंगी। दरअसल गंज मंडी कॉम्प्लेक्स में दुकानें लेने के लिए राशि जमा करवाने वाले दुकानदार, शटर लगाने और रंगरोगन का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। दुकानदारों को उम्मीद थी कि जैसे-जैसे दुकानों का काम पूरा होगा, उन्हें मंडी कॉम्प्लेक्स में दुकान मिल जायेगी, लेकिन उनकी यह उम्मीद नपा के नये नियम के कारण धरी की धरी रह गई। उल्लेखनीय है कि 2017 में गंज मंडी कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू किया था। उस समय एक साल में दुकानें देने का दावा किया था। बाद में ड्राइंग-डिजाइन में संशोधन किया गया। 2023 में दुकानें आधी-अधूरी बनने के बाद प्रत्येक दुकानदार से रुपए जमा करवाए गए थे। कई दुकानदारों ने लोन लेकर यह राशि इस उम्मीद में जमा करवाई थी कि राशि जमा करवाने के बाद दुकानें मिल जाएंगी। 61 दुकानदार राशि जमा करवा चुके हैं, लेकिन वे अब भी दुकान से वंचित हैं।



टीन शेड और तारपोलिन में लग रही दुकानें

जब से गंज मंडी कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू हुआ है तभी से गंज का बाजार बुरी तरह से अव्यवस्थित हो गया है। कॉम्प्लेक्स में जिन व्यापारियों ने दुकानें ली हैं, वे फिलहाल अव्यवस्थित रूप से लंबे समय से व्यापार करने को मजबूर हैं, कोई तारपोलिन लगाकर तो कोई टीन की टपरी में अपनी दुकान संचालित कर रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि अब लंबा समय बीत जाने के बाद व्यापारियों के भी सब्र का बांध टूट रहा है। व्यापारियों का कहना है कि कभी लागत बढ़ी तो कभी ड्राइंग डिजाइन बदली गई। अब नपा ने नया नियम खड़ा कर दिया है। नपा द्वारा व्यापारियों की सुविधाओं को पूरी तरह से नजर अंदाज किया जा रहा है, इसलिए गंज के व्यापारी, जनप्रतिनिधियों से भी कई बार मिलकर मंडी कॉम्प्लेक्स निर्माण पूरा करने की गुहार लगा चुके हैं।

लोन, तो किसी ने उधार लेकर जमा की राशि

दुकानदार इन दुकानों के बाहर टीन की गुमटियों और कच्ची दुकानों में कारोबार करने को मजबूर हैं। वे लंबे समय से अधूरी दुकानें पूरी करके देने के लिए, दुकानों में शटर लगाने और रंगरोगन करने की मांग उठा रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि दुकानों की राशि जमा करने के बावजूद वे बेहद खराब हालात में टीन की गुमठियों में दुकान चला रहे हैं। कारोबार बढ़ सकता था, यह बढने की जगह घट रहा है। दुकानदारों ने बताया कि उन्होंने लोन लेकर, उधार तक लेकर राशि जमा की थी। अब उनसे कहा जा रहा है कि पूरा कॉम्पलेक्स बनने के बाद ही दुकानें दी जाएंगी। तब ही कारोबार शुरू होगा। इसके कारण वे एक बार फिर खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।

6 माह में दुकानें देने का वादा फेल, 3 साल बाद भी नहीं दीं

राशि जमा करवाते समय आश्वासन दिया था कि 6 महीने में शटर और रंगरोगन करवाकर दुकानें दे देंगे। तीन साल बीत चुके हैं। दुकानें अब तक नहीं मिली हैं। कुछ समय पहले ही शटर लगाकर रंगरोगन किया गया है। अब नपा की ओर से कहा जा रहा है कि सभी दुकानें बनने के बाद ही दुकानें आवंटित होंगी। इन्हीं में कारोबार शुरू करवाया जाएगा। इधर दुकानदारों का कहना है कि कॉम्पलेक्स में से कुछ दुकानें बन गई हैं। वे पूरी हैं, तो इन्हें दे दिया जाना चाहिए। कारोबार शुरू करवाया जाना चाहिए। इससे बाजार उठेगा। जो विस्थापित दुकानदार हैं, वे भी स्थायी रूप से कारोबार कर सकेंगे। अभी उन्हें अस्थाई रूप से दुकान लगाकर व्यापार करना पड़ रहा है।

लंबे समय से दुकानों का इंतजार

नगरपालिका ने करीब तीन साल पहले दुकानदारों ने काम्प्लेक्स में दुकान पाने नगरपालिका में रुपए जमा किए थे। लॉटरी से दुकानों का आवंटन भी कर दिया था। लेकिन आज तक दुकानों का हैंडओवर नहीं हो सका है। दुकानदारों को उम्मीद थी कि डेढ़-दो साल में यह कॉम्प्लेक्स बनकर तैयार हो जाएगा और उन्हें पक्की और व्यवस्थित दुकाने मिल सकेगी। व्यवस्थित मार्केट बनने से उनका कारोबार भी अच्छा चलेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कॉम्प्लेक्स निर्माण में साल दर साल देरी होती गई। बार-बार ड्राइंग-डिजाइन बदलने से कॉम्प्लेक्स निर्माण में तो देरी हुई ही, साथ ही लागत भी बढकर 17 करोड़ के आसपास पहुंच गई। हालांकि अब नगर पालिका के अधिकारी जिस तरह से कॉम्पलेक्स निर्माण को लेकर तेजी दिखा रहे है, उससे लग रहा है कि जल्द ही इसका कार्य पूरा होकर दुकानदारों को दुकानें मिल सकेंगी।

काम चल रहा है

मंडी कॉम्प्लेक्स की दुकानों का काम चल रहा है। काम पूरा होने के बाद दुकानदारों को दुकानों का आवंटन किया जाएगा। काम तेजी से करवाया जा रहा है।

नागेन्द्र वागद्रे, सब इंजीनियर, नगरपालिका बैतूल

वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

बैतूल। रिश्तेदारों के यहां मेहमान बनकर आए 21 साल के युवक की सडक़ हादसे में मौत हो गई। गुरुवार शाम करीब 4 बजे मार्केट जाते समय चक्कर रोड पर उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल निखिल भलावी ने देर रात प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शुक्रवार को पुलिस ने जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस और परिजनों के मुताबिक मृतक की पहचान निखिल पिता रामप्रसाद भलावी (21) के रूप में हुई है। वह नरसिंहपुर जिले के गाडरवाड़ा थाना क्षेत्र के नए गांव का रहने वाला था। निखिल बैतूल के सोनाघाटी इलाके में अपने रिश्तेदारों के यहां आया हुआ था। गुरुवार शाम करीब 4 बजे निखिल किसी काम से मार्केट जाने के लिए बाइक से निकला था। चक्कर रोड पर उसकी बाइक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद निखिल सडक़ पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने निखिल को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा था, लेकिन देर रात उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को पुलिस ने जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन मप्र एवं छत्तीसगढ़ यूनिट के प्रतिनिधिमंडल ने बैतूल में भाजपा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से भेंट कर बैंकिंग बिरादरी की लंबित मांगों को लेकर प्रतिवेदन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सहायक महासचिव विवेक कुमार दाढ़े ने किया। इसमें वरिष्ठ प्रबंधक जगदीश परिहार, विजेन्द्र चंद्रवंशी और पंकज मोटघरे सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने बैंक यूनियनों द्वारा की जा रही हड़ताल के कारणों से श्री खंडेलवाल को अवगत कराया। अधिकारियों ने पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह को शीघ्र स्वीकृति एवं लागू करने का आग्रह कर सहयोग मांगा। उल्लेखनीय है कि यह मांग 8 मार्च 2024 को हुए 12वें द्विपक्षीय समझौते में सहमत हो चुकी है परंतु सरकार की स्वीकृति अब भी लंबित है। साथ ही मान्यता प्राप्त यूनियनों से द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से तय न्यायसंगत पीएलआई योजना की मांग रखी गई। अधिकारियों ने कहा कि ये मांगें देश भर की बैंकिंग बिरादरी और आम जनता को मिलने वाली बैंकिंग सेवाओं से जुड़ी हैं। श्री खंडेलवाल ने प्रतिनिधिमंडल की बात सुनी और उन्हें आश्वासन दिया कि वे बैंकिंग बिरादरी की चिंताओं को उचित स्तर पर उठाएंगे, ताकि पांच दिवसीय बैंकिंग एवं न्यायसंगत पीएलआई को स्वीकृति मिल सके। एसोसिएशन ने उनके सहयोग के लिए



देशी पिस्टल एवं 02 जिंदा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। बोरदेही पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। 24 सितंबर की दरम्यानी रात थाना बोरदेही पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बांगा निवासी झाडु यदुवंशी अपने पास देशी पिस्टल रखकर ग्राम बांगा से मोरखा की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मोरखा रोड ग्राम बांगा क्षेत्र में पहुंचकर संदेही को रोका गया। विधिवत तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल एवं 02 जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी झाडु पिता रंगलाल यदुवंशी (49) निवासी ग्राम बांगा, थाना बोरदेही के विरुद्ध धारा 25-27 आयुध

भिलाई गांव में दर्जनों किसानों के खेतों में फसल जमीन पर गिरी

बारिश और हवाओं ने मक्का की फसल को पहुंचाया नुकसान, सर्वे के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

मुलताई क्षेत्र में गुरुवार रात अचानक बदले मौसम के बीच हुई तेज बारिश और हवाओं ने खेतों में खड़ी मक्का की फसल को नुकसान पहुंचाया है। ग्राम भिलाई में तेज हवाओं के कारण दर्जनों किसानों के खेतों में खड़ी मक्का की फसल आड़ी होकर जमीन पर गिर गई। वहीं, क्षेत्र के आसपास के अन्य गांवों से भी मक्का की फसल गिरने की सूचनाएं सामने आ रही हैं। फसल के इस तरह जमीन पर गिर जाने से किसानों को उत्पादन प्रभावित होने के साथ-साथ दाने की गुणवत्ता खराब होने की चिंता सताने लगी है। गुरुवार रात अचानक मौसम में बदलाव हुआ और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। कुछ समय तक चली तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी मक्का की फसल कई स्थानों पर बुरी तरह झुक गई। कई खेतों में पौधे पूरी तरह जमीन से सट गए हैं। किसानों के अनुसार फसल इस समय अच्छी स्थिति में थी और बेहतर उत्पादन की उम्मीद थी, लेकिन अचानक आई तेज हवा से फसल को नुकसान पहुंच गया। ग्राम भिलाई के किसान भाऊराव, हरिराम और अनिल ने बताया कि रात में चली तेज हवाओं के कारण उनके खेतों में खड़ी मक्का की फसल आड़ी हो गई। कई स्थानों पर बड़ी संख्या में पौधे जमीन पर गिर गए हैं। किसानों का कहना है कि फसल यदि समय रहते दोबारा सीधी नहीं हुई तो इसका सीधा असर मक्का के दाने के विकास और उत्पादन पर पड़ सकता है।



दाने की गुणवत्ता और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका

किसानों ने बताया कि मक्का की फसल जमीन पर गिरने के बाद उसकी आगे की स्थिति मौसम और पौधों के दोबारा खड़े होने पर निर्भर करेगी। यदि पौधे लंबे समय तक जमीन पर पड़े रहे तो फसल की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। साथ ही उत्पादन में भी कमी आ सकती है। किसानों का कहना है कि उन्होंने फसल तैयार करने में बीज, खाद, दवाइयों और सिंचाई सहित काफी खर्च किया है। ऐसे में फसल के नुकसान से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों ने प्रशासन से प्रभावित खेतों का जल्द निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन कराने की मांग की है।

एसडीएम ने दिए फसल सर्वे के निर्देश

फसल नुकसान की जानकारी प्रशासन तक पहुंचने के बाद एसडीएम राजीव कहार ने संबंधित पटवारियों को प्रभावित क्षेत्रों में जाकर खेतों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। पटवारी प्रभावित खेतों का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करेंगे और फसल की स्थिति तथा नुकसान का आकलन करेंगे। प्रशासनिक सर्वे के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि कितने क्षेत्र में मक्का की फसल प्रभावित हुई है और किसानों को कितना नुकसान हुआ है।

सर्वे का इंतजार कर रहे किसान

तेज बारिश और हवा के कारण मक्का की फसल के आड़ी होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि फसल नुकसान का वास्तविक आकलन खेतों का निरीक्षण करने के बाद ही सामने आएगा। फिलहाल किसान प्रशासन की टीम के सर्वे का इंतजार कर रहे हैं। किसानों को उम्मीद है कि पटवारी स्तर पर होने वाले सर्वे में प्रभावित खेतों की वास्तविक स्थिति दर्ज की जाएगी, जिससे नुकसान का सही आंकलन हो सके।

7 दिन में निराकरण नहीं तो आंदोलन की चेतावनी

स्थानीयों को रोजगार में प्राथमिकता दो, पेटी कार्यों और वाहनों की दरों की हो समीक्षा

प्रमुख सचिव ऊर्जा के नाम मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन

सारनी। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी में निर्माणाधीन 660 मेगावाट इकाई क्रमांक-12 और डिस्मेंटलिंग कार्यों में स्थानीय ठेकेदारों, वाहन मालिकों एवं श्रमिकों को प्राथमिकता देने की मांग को लेकर सारनी बचाओ संघर्ष समिति ने गुरुवार को प्रमुख सचिव ऊर्जा मनीष सिंह के नाम मुख्य अभियंता सुशील कुमार लिल्होरे को ज्ञापन सौंपा।

समिति ने पेटी कार्यों और वाहनों की दरों की वर्तमान बाजार परिस्थितियों के अनुरूप समीक्षा किए जाने की भी मांग की है। ज्ञापन में समिति ने कहा कि 660 मेगावाट नई विद्युत इकाई का निर्माण क्षेत्रवासियों के लंबे संघर्ष और अथक प्रयासों के बाद धरातल पर आया है। ऐसे में परियोजना से मिलने वाले रोजगार और व्यवसाय के अवसरों में स्थानीय लोगों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी। समिति का आरोप है कि वर्तमान में निर्माणाधीन एवं डिस्मेंटलिंग कार्यों में स्थानीय ठेकेदारों, वाहन मालिकों और श्रमिकों को अपेक्षित अवसर नहीं मिल रहे हैं। वहीं पेटी कार्यों में कम एवं वर्तमान बाजार परिस्थितियों के अनुरूप अव्यावहारिक दरों पर काम दिए जाने तथा वाहनों को भी कम दरों पर लगाए जाने से स्थानीय लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। ज्ञापन में बीएचईएल से संबंधित कार्यों का भी उल्लेख करते हुए कहा गया कि पेटी कॉन्ट्रैक्टर बी बी जी द्वारा पुराने एवं कम दरों पर स्थानीय स्तर पर कार्य कराए जाने की जानकारी सामने आ रही है। समिति ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष समीक्षा की मांग की है।



अगले बरस तू जल्दी आ... के जयकारों के साथ विदा हुए भगवान श्रीगणेश

महाआरती में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, गाजे-बाजे से निकली झांकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ, जैसे जयघोष लगाते हुए शुक्रवार को भक्तों ने भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। प्रतिमाओं के विजर्सन का यह दौर सुबह से शुरू हो गया था और देर रात तक चलते रहा। इस साल नगरपालिका ने शहर के चार स्थानों पर प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था बनाई थी। जहां नगरपालिका और प्रशासन ने प्रतिमा विसर्जन के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए गोताखोर और विशेष बल तैनात किया गया था। वहीं भक्त झांकी बनाकर भगवान गणेश की प्रतिमा को नाचते हुए विसर्जन घाट लेकर पहुंचे। भगवान गणेश को विदाई देते समय लोगों की आंखे भी नम हो गई। बच्चे-बड़े हाथ जोडकर भगवान गणेश से सुख-समृद्धि की कामना करते नजर आए। भक्तों ने भगवान गणेश को अगले बरस जल्दी आने का न्यौता भी दिया। अनंत चतुर्थी के अवसर पर सबसे ज्यादा खुशी बच्चो में दिख रही थी तो सबसे ज्यादा निराश भी बच्चे ही नजर आए।

अंतिम आरती में शामिल हुए भक्त

अनंत चतुर्थी पर विसर्जन पूर्व भगवान गणेश की आरती की गई। इस महाआरती में सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर आरती का लाभ लिया। ढोलक-मंजीरे के साथ एक स्वर में सभी ने भगवान गणेश की वंदना करते हुए सुख-समृद्धि की कामना की। भक्तों ने भगवान गणेश के सामने शीश नवाकर सद्बुद्धि, घर में सुख-समृद्धि की कामना करते हुए अगले बरस जल्दी आने का न्यौता भी दिया। बच्चों के सबसे प्रिय भगवान गणेश के अंतिम दर्शन करने के लिए सडकों पर लोगों का तांता लगा रहा।





नाचते हुए निकले भक्तगण

शुक्रवार को नाचते हुए भक्तों ने झांकी निकाली। ट्रक एवं ट्रेक्टर-ट्रॉली पर झांकी बनाकर भक्तों ने गणेश प्रतिमाएं रखी। जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों का हुजूम लगा रहा। झांकी के सामने बैंडबाजे की धून पर भक्त नाच रहे थे, तो वहीं मुक्तकंठ से लंबोदर भगवान के जयकारे लगा रहे थे। रंग-गुलाल उठाते हुए भगवान गणेश की प्रतिमा को भक्त विसर्जन स्थल की ओर पहुंचते रहे।

घाटों पर रही सुरक्षा व्यवस्था

प्रतिमा विसर्जन घाटों पर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रखे थे। घाटों पर विशेष बल तैनात किया गया था तो वहीं किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए गोताखोर के इंतजाम भी किए गए थे। इसके अलावा शहर में भी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस का पहरा लगा हुआ था। जबकि कुछ स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए थे ताकि उपद्रवियों पर नजर रखी जाए। थाना प्रभारी सहित प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शहर में सुरक्षा व्यवस्था का लगातार जायजा लिया गया।

कलेक्टर-एसपी ने मूर्ति विसर्जन व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे एवं पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने शुक्रवार को कर्हला स्थित माचना घाट सहित अन्य विसर्जन स्थलों पर पहुंचकर मूर्ति विसर्जन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से विसर्जन स्थल पर की गई तैयारियों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर एवं एसपी ने प्रतिमाओं के सुरक्षित एवं सुगम आगमन-निर्गमन के साथ ही व्यवस्थित और सुरक्षित विसर्जन के लिए पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं करने को कहा। इस दौरान एसडीएम, सीएमओ, तहसीलदार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

गणपति का विसर्जन कर भक्तों ने दी विदाई, गणेश महोत्सव का हुआ विराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



अनंत चौदस पर भक्तों ने दी गणपति जी को विदाई। दस दिनों तक गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर भक्ति भाव से पूजा अर्चना कर भगतो ने आज बब्बा को दी विदाई। किसी ने ढ़ोल धमाकों से तो किसी ने भावुक होकर अंतिम दर्शन कर गणेश जी का किया विसर्जन। इन दस दिनों तक नगर का माहौल भगतिमय रहा सभी पंडालों में भजनों की गूंज से नगर का वातावरण भक्तिमय ओर सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर महसूस हुआ। रात्रि में भजन कीर्तन ने लोगो का मन मोहित किया तो दूसरी ओर गणेश पंडालों में भंडारे के भोजन से मानो लोगों की आत्मा तृप्त हो गई। प्रशासन द्वारा विसर्जन की व्यवस्था साडा चम्पक झील में की गई जहाँ सादा कर्मचारी एवं पुलिस बल मौजूद रहा ओर सुरक्षित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

अगले बरस जल्दी आने का वादा लेकर नम आंखों से श्री गणपति को दी विदाई, आज से शुरू होंगे पितृपक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





श्री गणेश उत्सव का शुक्रवार अनंत चतुर्दशी को समापन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न जल स्त्रोतों में भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। वहीं कई नागरिकों ने जल, जलस्त्रोत व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अपने घरों के बगीचों में तथा गमलों में श्री गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया।

सोहागपुर शहर में भी पलकमति नदी में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान सार्वजनिक श्री गणेशोत्सव समितियों की ओर से गाजे-बाजे के साथ श्री गणेश प्रतिमाओं को शोभायात्राओं के साथ नदी किनारे तक लाया गया। जहां श्री गणेश का पूजन किया गया एवं प्रसाद वितरण के उपरांत प्रतिमाएं पलकमति में किलापुरा रिपटे के समीप विसर्जित की गईं।

नागरिक भी बड़ी संख्या में घरों में स्थापित की गई प्रतिमाओं को लेकर नदी पहुंचे, जहां विधि विधान से पूजनकर श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। जनसुरक्षा की दृष्टि से नदी किनारे पुलिसकर्मियों एवं नगर परिषद कर्मचारियों की तैनाती स्थानीय प्रशासन की ओर से की गई थी। गणेश प्रतिमाओं को नर्मदा नदी में विसर्जन के लिए भी ले जाया गया। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार विभिन्न घाटों पर पुलिस की तैनाती की गई थी ताकि कोई दुर्घटना घटित न हो।

6 अक्टूबर को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

सीहोर। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 2026 एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कृमिनाशक दवा सेवन अभियान आयोजित किया जाएगा। जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 6 अक्टूबर तथा मॉप-अप दिवस 9 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जिले में 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को लक्षित किया गया है। जिले का कुल लक्ष्य 5,66,171 है। वहीं 20 से 49 वर्ष की प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं के लिए 40 प्रतिशत कवरेज के आधार पर 88,495 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीहोर डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, जनजातीय कार्य, पंचायत राज एवं तकनीकी शिक्षा विभाग सहित संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। जिला स्तर पर समन्वय एवं अनुश्रवण की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिविर व भ्रमण आज

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आष्टा विकासखंड के ग्राम खड़ी हाट में पूर्व निर्धारित 25 सितम्बर के स्थान पर अब 26 सितम्बर को शिविर एवं भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल

अकेली रहती बुजुर्ग महिला के कान व नाक से चोर ने नोंचे स्वर्ण आभूषण

सोहागपुर थानांतर्गत गत दिनों एक एक चोर ने घर में अकेली रहती बुजुर्ग महिला के कान तथा नाक से स्वर्ण आभूषण नोंचकर लूट की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर घटना की जानकारी दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर थानांतर्गत गत दिनों एक एक चोर ने घर में अकेली रहती बुजुर्ग महिला के कान तथा नाक से स्वर्ण आभूषण नोंचकर लूट की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में शुक्रवार को टीआई गिरीश त्रिपाठी ने प्रेसनोट जारी किया है।

प्रेस नोट के अनुसार चौकी सेमरी हरचंद थाना सोहागपुर अंतर्गत 18 व 19 सितंबर 2026 की दरमियानी रात पीड़ता शारदा बाई पटेल उम्र 70 वर्ष के साथ लूट हुई थी। मामले में रिपोर्ट के बाद नर्मदापुरम् एसपी श्री साई कृष्ण एस थोटा, एएसपी अभिषेक राजन एवं सोहागपुर एसडीओपी अरविंद शाह के निर्देशानुसार आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस सफल हुई है। मामले में एसडीओपी अरविंद शाह तथा थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि 20 सितंबर 2026 को फरियादी शिवराज पटेल पिता मालक सिह पटेल ग्राम चौराहेट थाना माखन नगर ने रिपोर्ट की थी कि उसकी दादी शारदा बाई पटेल ग्राम जमुनिया में अकेली रहती है। 19 सितंबर की सुबह सूचना मिली की दादी के किसी ने कान काटकर लूट की है। सूचना पर पुलिस जमुनिया पहुंची तथा जांच शुरू की। रिपोर्ट लिखी गई कि पीड़ता शारदा बाई के नाक की सोने की सीक, दोनों कान की सोने की बालियां और सोने के फूल अज्ञात चोर कान व नाक से खींचकर ले गया है। पुलिस ने अपराध क्रमांक 594/26 धारा 309 (6) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस टीम ने भौतिक व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसने शारदा पटेल के नाक तथा कान से स्वर्ण आभूषण लूटना स्वीकार किया। संदेही के कब्जे से कान के फूल एवं 5000 रूपये नगदी जप्त किए। पूछताछ में एएसआई गणेश राय ने बताया कि आरोपी कल्लू पुत्र रफीक उम्र 33 वर्ष निवासी माखन नगर हाल मुकाम सेमरी हरचंद है। जिसे न्यायालय में पेशकर एक दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है।

इनकी भूमिका रही

कार्रवाई में थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी, उपनिरीक्षकद्वय विवेक यादव व दिनेश पाल, सहायक उप निरीक्षकद्वय अशोक सातनकर एवं गणेश राय, आरक्षकगण अतुल शर्मा, सेवक, अखिलेश भिलाला, संजू परते, अजय चौधरी, संतोष टेकाम, अफसर खान, मनोहर दायमा, सायबर सेल आरक्षक संदीप, दीपेश की सक्रिय भूमिका रही।

दो बाइक आपस में भिड़ी

पिपरिया-बनखेड़ी रोड पर कन्हवार गांव के पास शुक्रवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। इनमें से दो गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों युवक सड़क पर गिर गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही मंगलवारा थाना पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल पिपरिया के सरकारी सिविल अस्पताल लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

एसडीओपी ऑफिस के सामने पड़ी रहती शराब की बोतलें

खुलेआम होती है नशाखोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में खुलेआम नशाखोरी होती है। जिसका प्रमाण एसडीओपी ऑफिस के ठीक सामने लगा डस्टबिन है। जिसमें आए दिन शराब की खाली बोतलें रखी जाती हैं। स्पष्ट है कि प्रशासन का कोई मय नशाखोरों को नहीं है। प्रतिदिन यहां शासकीय स्कूलों की छात्राएं घर जाने के लिए बसों की प्रतीक्षा करती हैं। शराब की ये खाली बोतलें बालिकाओं में भय व्याप्त करने के लिए पर्याप्त हैं।

सरस्वती शिशु मंदिर व उनके विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सुर मिलाकर गाया वंदे मातरम



सोहागपुर। नमामि भारतम कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्र गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर में शुक्रवार को किया गया। यह कार्यक्रम विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की योजना के अंतर्गत किया गया है। विद्यालय प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर सहित अन्य विद्यालयों ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान 669 विद्यार्थियों, अतिथियों तथा अधिकारियों ने वंदे मातरम के सामूहिक गायन में सहभागिता की। कार्यक्रम में अतिथि रूप में जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, एसडीएम डॉ. बबीता राठौर, बीईओ राकेश कुमार उइके, नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल, मुख्य वक्ता राम किशोर दुबे, शिक्षा समिति अध्यक्ष कृष्णा पालीवाल, समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल, नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, बीआरसी राकेश रघुवंशी, आनंद दुबे, राजाभैया पटेल, देवराज पटेल आदि शामिल रहे।

अनंत चतुर्दशी व पर्युषण पर्व पर निकाली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

अनंत चतुर्दशी एवं पर्युषण पर्व के पावन अवसर पर श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर से शुक्रवार को भव्य श्रीजी विमान शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में सकल जैन समाज एवं मारवाड़ी समाज के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

शोभायात्रा मंदिर जी से प्रारंभ होकर तारण तरण जैन चैत्यलय पहुंची, जहां श्रद्धालुओं द्वारा आरती की गई। इसके पश्चात शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर पहुंची।

मंदिर पहुंचने के बाद श्रीजी का अभिषेक किया गया। इसके पश्चात शांति पाठ एवं विसर्जन की धार्मिक क्रियाएं संपन्न हुईं। धार्मिक वातावरण में कार्यक्रम का समापन हुआ।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत विकासखंड स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में कंचन केवट ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर





पीएमश्री शा.उ.मा.विद्यालय बागरातवा की सेवा संकल्प अभियान विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग (कक्षा-9वी से 12वी) में कंचन केवट-12वी ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विधायक विजयपाल सिंह द्वारा छात्रा को 10 हजार रू की प्रोत्साहन राशि भी उसके खाते में प्रदान की जावेगी। साथ ही बागरातवा संकुल से 2 वरिष्ठ प्रथम व तृतीय कनिष्ठ वर्ग में 2 प्रथम व तृतीयm स्थान प्राप्त किया गया। सभी चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ग्राम पंचायत बागरा के सरपंच विशाल मालवीय प्राचार्य विकेश सिंह राजपूत सहित नागरिकों कंचन केवट की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।

ग्राम खिड़किया व सेमरी में पौधरोपण कर मनाया सेवा संकल्प अभियान



पिपरिया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर ग्राम पंचायत खिड़कियां में सेमरी में पौधरोपण किया गया। इस माध्यम से स्वच्छ हरित पर्यावरण संरक्षित भारतके संकल्प अभियान को साकार करने की दिशा में सार्थक प्रयास किया गया।इस अवसर पर विधायक ठाकुरदास नागवंशी, विधानसभा प्रभारी नवनीत नागपाल खापरखेड़ा सुलभ गोदानी सरपंच खिड़िया सरपंच सचिव रोजगार सहायक जिला सदस्य अरविंद राय अशोक कुमार सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। याद रहे प्रत्येक ग्रामीण मंडल में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पिपरिया नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर के द्वारा नगर मंडल की कार्यकारिणी सदस्य के साथ भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा कार्यालय में एक दिवसीय दरिद्र नारायण को निशुल्क भोजन वितरण किया गया।

संदीपनि विद्यालय में हुआ सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत कार्यक्रम



सोहागपुर। स्थानीय संदीपनि विद्यालय में गत दिवस सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें सोहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह की उपस्थिति रही। विद्यालय प्राचार्य आरके दुबे ने बताया कि विधायक सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में गरिमामय ढंग से आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विकसित भारत थीम पर भाषण, नुक्कड़ नाटक एवं मॉडल भी प्रदर्शित किए। प्राचार्य दुबे के अनुसार सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ब्लॉक सोहागपुर में प्रथम चरण में शाला स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसके बाद संकुल स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। प्रत्येक संकुल से जूनियर और सीनियर वर्ग से चयनित तीन-तीन श्रेष्ठ प्रस्तुतियां विकास खंड स्तर के आयोजन में प्रदर्शित की गईं। इनमें से दोनों वर्गों से प्रथम द्वितीय और तृतीय का चयन जिला स्तर के लिए हुआ है।

प्राचार्य आरके दुबे ने बताया कि विधायक विजयपाल सिंह के द्वारा जिला स्तर पर चयनित प्रस्तुतियों के लिए पुरस्कार राशि की घोषणा की गई है। विजेताओं को शील्ड और सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। वहीं एवं अन्य प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार दिए गए। उक्त कार्यक्रम में विधायक विजयपाल सिंह सहित बीईओ आरके उईके, बीआरसी राकेश रघुवंशी, प्राचार्य आरके दुबे तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि तथा सरकारी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है 01-श्री अनुराग जैन 02-श्री अतुल जैन दोनो आ० श्री विनोद कुमार जैन एवं 03-श्रीमती ऊषा जैन पत्नि श्री विनोद कुमार जैन सभी नि० वार्ड नं० 26 देशबन्धुपुरा इटारसी जिला नर्मदापुरम म०प्र०ने विक्रयपत्र दिनांक 05-04-2023 ई-पंजीयन क्रं० MP169792023A11694520 के द्वारा श्रीमती रीना राजपूत पत्नि श्री लक्ष्मीनारायण राजपूत नि० आयुध नगर इटारसी जिला नर्मदापुरम से परि० भूमि ख०नं० 136/1/2,136/3, 137, 138/1, 138/2, 138/3 & 139 (ऑन-लाईन ख०नं० 138/3/1) में का ले-आउट प्लाट नं.154 रकबा 840 वर्गफुट स्थित मौजा सोनासॉवरी फार्च्यून डिवाईन सिटी फेस-2 तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम म०प्र० क्रय किया है। उक्त सम्पत्ति को विक्रेता श्रीमती रीना राजपूत के द्वारा पंजीकृत बिक्री पत्र दिनांक 24/03/2021 ई-पंजीयन क्र.MP169792021A1300464 के द्वारा श्री डिवाईन बिल्डर्स भागीदारी फर्म द्वारा भागीदार 01-श्री अजयसिंह तोमर 02-श्री लक्ष्मणसिंह 03-श्रीमती आरती तोमर एवं 04-श्रीमती आरती बैस से क्रय की गई थी, जिसका असल बिक्रीपत्र (लिंक डीड) दिनांक 24/03/2021 गुम हो गयी है। उक्त दस्तावेज विक्रयपत्र दिनांक 24/03/2021 ई-पंजीयन क्रं0 Mp169792021A1300464 की गुमशुदगी के सम्बन्ध में पुलिस थाना इटारसी में प्राथमिकी भी दिनांक 24-09-2026 को दर्ज की जा चुकी है किन्तु उक्त असल बिक्रीपत्र आज दिनांक तक प्राप्त नही हो सका है। अतः इस सूचना द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति / संस्था उक्तकथित मूल विक्रयपत्र दिनांक 24/03/2021 एवं उसमे लिखी सम्पत्ति सम्बन्धी कोई भी संव्यवहार न करें अन्यथा वह स्वयं परिणामो हेतु दायित्वाधीन रहेगा। उक्त सम्पत्ति पर कोई बैंक अथवा वित्तीय संस्था का कर्जा शेष हो या अन्य कोई व्यक्ति अपना हित रखता हो तो वह इस प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उपरोक्तकथित सम्पत्ति पर यूको बैंक से ऋण प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है जिस हेतु यह सूचना प्रकाशित की जा रही है।

देवेश दीक्षित एडव्होकेट
प्रताप नगर मेन रोड रसूलिया नर्मदापुरम म०प्र०
मोबाईल नं० 9827251981

विकासखंडों में जारी है सेवा संकल्प अभियान जारी

स्कूल में हुआ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर लगातार 1माह तक सभी शासकीय अशासकीय विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वरुचि के कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी तारतम्य में सांदीपनि विद्यालय आर एन ए उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में विकास खण्ड स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें विकास खंड के 7 संकुल प्राचार्य के विद्यार्थियों को लेकर सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसकी जवाबदारी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी,भी आर सी प्रदीप शर्मा, प्राचार्य संजीव दुबे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य अरविंद रघुवंशी ने को शासन के आदेश अनुसार सौंपी गई थी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल पवन वालिया जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल के अलावा अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं पार्षद सहित शिक्षक शिक्षिकाओं छात्राओं छात्र की उपस्थिति में सामुहिक चित्रकला प्रतियोगिता की झांकी सजाई गई थी। सभी अतिथियों ने चित्रकला प्रतियोगिता का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी 7 संकुल प्राचार्य उपस्थिति दर्ज कराई गई। सभी छात्रों छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विभिन्न वक्ताओं के द्वारा संबंधित कार्यक्रम पर प्रकाश डाला गया।

टेबल टेनिस में सांदीपनि विद्यालय पचमढ़ी का उत्कृष्ट प्रदर्शन- 14, 17, 19 वर्ष में हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



70वीं राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय पचमढ़ी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता इंदौर के एमराल्ड हाइट स्कूल में संपन्न हुई।

प्रतियोगिता में पचमढ़ी के खिलाड़ियों ने तीनों वर्गों 14, 17 और 19 वर्ष आयु समूह में अपना शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के कुल 13 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। 19 वर्ष बालक वर्ग में हर्षित अहिरवार, अरशद खान, प्रियांशु वंशकार, 17 वर्ष बालक वर्ग में अमय बस्तवार, अंबर गोहिया, अभिजीत, 19 वर्ष बालिका वर्ग में नाजपरी, कोमल, अनुश्री, 14 वर्ष बालक वर्ग में देवेंद्र एवं बालिका वर्ग में अंशिका ने भाग लिया। खिलाड़ियों की इस सफलता का श्रेय खेल शिक्षक संतोष यादव को जाता है।

छात्रों की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी एल.एन. प्रजापति,संभागीय क्रीडा अधिकारी गजेंद्र सुराजिया, जिला क्रीड़ा अधिकारी सुश्री वंदना रघुवंशी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस.एल. रघुवंशी, अरविंद शर्मा,उमेश बरैया ने एक ही शासकीय विद्यालय के इतने छात्रों के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करने पर बधाई दी और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्राचार्य मनीष गुप्ता, रूपनारायण श्रीवास, किशन लाल, ज्योति यादव, पल्लवी साहू सहित सभी शिक्षकों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

खबर संक्षेप

केंद्रीय राज्यमंत्री आज हरदा आएंगे

हरदा। केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके शनिवार को हरदा जिले के प्रवास पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम अनुसार केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री उइके प्रातः 10:30 बजे बैतूल से हरदा के लिए प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे सर्किट हाउस हरदा पहुंचेंगे और दोपहर 12:30 बजे हरदा में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता के पुरस्कार सम्मान समारोह में भाग लेंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे हरदा से चारूवा के लिए प्रस्थान करेंगे जहाँ वे गुप्तेश्वर गौशाला में 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित शेड और 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित बाउंड्रीवॉल का लोकार्पण, नमो उपवन में पौधारोपण तथा गौदान एवं गौसेवा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम उपरांत मंत्री श्री उइके चारूवा से बैतूल के लिए प्रस्थान करेंगे।

अवैध मदिरा के विरुद्ध 7 प्रकरण दर्ज किए

हरदा। आबकारी विभाग के दल ने 23 व 24 सितम्बर को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी श्री सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने हरदा के लाल स्कूल के पास इमलीपुरा व टंकी मोहल्ला, ग्राम खुदिया, गोमगांव, पीपल्या, जिनवानिया तथा महेन्द्रगांव में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 21 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 30 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब, 6 बियर केन तथा 300 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 7 प्रकरण दर्ज किये गये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 37320 रूपये है।

स्टेट हाईवे की बदहाली को लेकर कांग्रेस पैदल मार्च कल निकालेगी

खिरकिया। पोखरनी से हरदा तक स्टेट हाईवे की जर्जर एवं बदहाल स्थिति के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने के नेतृत्व में 27 सितंबर को विशाल शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकाला जाएगा। पैदल मार्च रविवार सुबह 10 बजे अम्बेडकर चौक, छीपाबड़ से प्रारंभ होकर हरदा कलेक्टर कार्यालय तक पहुंचेगा। यात्रा के दौरान रात्रि विश्राम संभावित रूप से मसनगांव में किया जाएगा तथा 28 सितंबर को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कांग्रेस द्वारा बताया गया कि पोखरनीझहरदा स्टेट हाईवे की खराब स्थिति को लेकर क्षेत्रवासियों को लंबे समय से आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की समस्या को लेकर 10 अगस्त 2026 को विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के साथ धरना-प्रदर्शन भी किया गया था, लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण कांग्रेस ने जनहित में पैदल मार्च का निर्णय लिया है।

जल उपयोगिता समिति की बैठक 5 अक्टूबर को

सीहोर। जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक 5 अक्टूबर को सांय 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी। बैठक में जिले के जलाशयों में जलभराव की स्थिति एवं उपलब्ध जल भंडारण क्षमता की समीक्षा की जाएगी। सिंचाई उपलब्धियों की समीक्षा की जाएगी।

कुर्मी समाज को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने की मांग

बुंदेलखंडीय कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को दिया ज्ञापन

केंद्रीय संस्थानों में आरक्षण का लाभ नहीं मिलने का उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



बुंदेलखंडीय कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज संगठन जिला हरदा ने कुर्मी जाति को केंद्र की अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची में शामिल करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, नई दिल्ली के अध्यक्ष के नाम ज्ञापन भेजा है। समाज ने कहा कि मध्यप्रदेश में कुर्मी जाति पिछड़ा वर्ग में शामिल है, लेकिन केंद्र की ओबीसी सूची में दर्ज नहीं होने के कारण समाज के विद्यार्थियों और अन्य पात्र लोगों को केंद्रीय संस्थानों में आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

ज्ञापन में बताया गया कि मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में निवासरत कुर्मी जाति को राज्य में पिछड़ा वर्ग के रूप में दर्ज किया गया है, जबकि केंद्र की सूची में कुर्मी जाति को सामान्य वर्ग में दर्ज किए जाने से केंद्रीय सेवाओं एवं संस्थानों में ओबीसी आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। समाज के अनुसार इससे केंद्रीय स्तर की शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।समाज ने कहा कि कई विद्यार्थी नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, आईआईटी एवं अन्य केंद्रीय संस्थानों में चयनित होने के बाद भी पिछड़ा वर्ग का लाभ नहीं ले पाते हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इस समस्या को लेकर पूर्व में भारत सरकार के पिछड़ा वर्ग आयोग, नई दिल्ली के समक्ष आयोजित जनसुनवाई में भी समाज की ओर से पक्ष रखा गया था और समस्या से अवगत कराया गया था। इसके बावजूद अब तक कुर्मी जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल नहीं किया गया है।

ज्ञापन में मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग मंत्रालय द्वारा 18 जुलाई 2024 को जारी पत्र का भी संदर्भ दिया गया है। समाज ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से मांग की है कि मध्यप्रदेश में पिछड़ा वर्ग के रूप में दर्ज कुर्मी जाति को शीघ्र केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने की कार्रवाई की जाए, ताकि समाज के विद्यार्थियों और पात्र लोगों को केंद्रीय स्तर पर आरक्षण एवं अन्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। प्रतिनिधि मंडल में युवा कुर्मी क्षत्रिय समाज मध्यप्रदेश के अध्यक्ष तेज कुमार गौर, प्रदेश प्रचार-प्रसार मंत्री सुरेश गौर, जिला अध्यक्ष बैतूल लक्ष्मीकांत वर्मा, जिला अध्यक्ष हरदा नर्मदा प्रसाद गौर, युवा प्रदेश प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी नवील वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी हरी प्रसाद वर्मा, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष भीमराज गौर, जिला उपाध्यक्ष सीताराम पटेल, पूर्व अध्यक्ष बैतूल राधेलाल घनकारे, प्रदेश सचिव अशोक मलैया, जिला महामंत्री कन्हैयालाल वर्मा, जिला सचिव गुलाब सिनोटिया सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी शामिल हैं।

यात्रा का किया भव्य स्वागत

पीएम मोदी ने सेवा संकल्प बाइक राइडर्स से किया वर्चुअली संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल अंतर्गत वडनगर से वाराणसी तक विशेष बाइक यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा 17 सितंबर को वड़नगर से रवाना हुई है। इस यात्रा में बड़ी संख्या में बाइकों पर सेवा यात्री शामिल हैं।

यात्रा के दौरान सेवा, जनसंवाद और राष्ट्रीय एकता से जुड़े संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं।वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही ह्यजन जल सेवा संकल्प बाइक यात्रा रूट- 9ह्ल के हरदा पहुंचने पर जिले में विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर शुक्रवार को स्थानीय माहेश्वरी धर्मशाला में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यात्रा में शामिल सेवा यात्रियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान अन्य स्थानों से वर्चुअली जुड़े यात्रियों से भी संवाद किया। जन जल सेवा संकल्प बाइक यात्रा के दौरान सेवा यात्रियों ने नगर पालिका हरदा में पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होने नगर पालिका में शहीद ज्योति पर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजली दी तथा शहीद गेलरी का अवलोकन भी किया। जन जल सेवा संकल्प बाइक यात्रा के दौरान सेवा यात्रियों ने ग्राम करताना की नमो वाटिका पौधरोपण किया। उन्होने करताना के ग्राम पंचायत भवन में जनसंवाद किया। सेवा यात्रियों ने ग्राम गोदड़ी में शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से चर्चा भी की।

देश की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की

आदि कैलाश यात्रा के लिए खरगोन से छह सदस्यीय दल रवाना हो गया



खरगोन। धार्मिक आस्था, आध्यात्मिक शांति एवं देश में सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना के साथ खरगोन से छह सदस्यीय दल शुक्रवार को आदि कैलाश यात्रा के लिए रवाना हुआ। यात्रा से पूर्व दल में शामिल सदस्यों ने चमेली की बाड़ी स्थित श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया आदि कैलाश की पावन यात्रा पर रवाना हुए दल में कैलाशी प्रतीक गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, रवि सुगंधि, रोहित महाजन, गौरव पंडित एवं निलेश गुप्ता शामिल हैं। दल में शामिल सदस्यों द्वारा भगवान आदि कैलाश एवं भगवान शिव से देश की सुख-शांति, भाईचारे, सद्भाव एवं खुशहाली की प्रार्थना की जाएगी।

दल में शामिल सदस्यों ने कहा कि आदि कैलाश की यह यात्रा केवल धार्मिक एवं आध्यात्मिक यात्रा नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुख-शांति और सर्वजन कल्याण की भावना को समर्पित यात्रा है। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की कि हमारे देश में सदैव सुख शांति और समृद्धि बनी रहे। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं शुभचिंतकों ने सभी यात्रियों को सुरक्षित, सफल एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी।

सीसीटीवी फुटेज में एक ही संदिग्ध व्यक्ति अलग-अलग जगहों पर दिखा

लगातार तीन रातों में तीन चोरी की घटनाएं, ग्रामीणों में डर

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र के चारखेड़ा गांव में लगातार तीन रातों में तीन चोरी की घटनाएं हुई हैं। इससे ग्रामीणों में डर का माहौल है। चोरों ने हरदा रेलवे स्टेशन से चोरी हुई बाइक का इस्तेमाल कर दो रातों तक दुकानों के शटर के ताले काटकर चोरी की। सीसीटीवी फुटेज में एक ही संदिग्ध व्यक्ति अलग-अलग जगहों पर दिखा है, लेकिन पुलिस अभी तक आरोपी को पकड़ नहीं पाई है।

मंगलवार रात हरदा रेलवे स्टेशन परिसर से एक बाइक चोरी हुई थी। इसके बाद मंगलवार-बुधवार की रात करीब 3 बजे चारखेड़ा निवासी गणेश मांगुल्ले की दुकान का शटर का ताला काटकर चोरी की गई। दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा। इसकी सूचना डायल-112 को दी गई।अगले ही दिन बुधवार-गुरुवार की रात करीब 2:30 बजे गणेश कुशवाहा की दुकान को निशाना बनाया गया। सुबह ग्रामीणों से सूचना मिलने पर दुकान संचालक मौके पर पहुंचे और पुलिस को बताया। थाना प्रभारी मुकेश गौड़ टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट टीम को बुलाकर जांच की। पुलिस ने गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे, जिसमें वही संदिग्ध व्यक्ति अलग-अलग जगहों पर दिखा। ग्रामीणों के अनुसार, रात करीब 3:15 बजे संदिग्ध बाजार चौक में एक चार पहिया वाहन से पेट्रोल चोरी करते हुए भी दिखा। ग्रामीणों की नजर पड़ते ही वह मौके से भाग गया।

इसी बीच मनियाखेड़ी रोड पर एक लावारिस बाइक मिलने की सूचना पर एसआई रामविलास करपे मौके पर पहुंचे। जांच में चेचिस नंबर से पता चला कि यह वही बाइक है, जो हरदा रेलवे स्टेशन से चोरी हुई थी। लगातार चोरी की घटनाओं से नाराज ग्रामीणों ने पुलिस से रात की गश्त बढ़ाने और चोरियों को तुरंत रोकने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पहले भी कभी केबल वायर, कभी लोहे की रॉड, कभी बाइक तो कभी दुकानों में चोरी की घटनाएं होती रही हैं। इस दौरान थाना प्रभारी मुकेश गौड़, एसआई प्रियंका पाठक, दिनेश शेखावत, रामविलास करपे, अनूप कामले सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

विद्यार्थियों ने चित्रों से रचनात्मकता और राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

अशी कौर भाटिया प्रथम करीना मंडलोई द्वितीय एवं खुशी सेन तृतीय रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭खरगोन



शासकीय विधि महाविद्यालय, खरगोन में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्राचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह मंडलोई ने विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता एवं रचनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकार, रचनात्मकता एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में सेवा संकल्प अभियान की नोडल अधिकारी सुश्री तृप्ति सोनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए 'विकसित भारत 2047' के विजन की जानकारी दी। उन्होंने विकसित भारत के विभिन्न महत्वपूर्ण स्तंभों तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को देश के विकास में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों एवं विचारों को अपनी कला के माध्यम से अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता में अशी कौर भाटिया ने प्रथम, करीना मंडलोई ने द्वितीय एवं खुशी सेन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री तृप्ति जायसवाल ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण श्री चंद्रभान त्रिवेदी, श्री पी.एस. रावत, सुश्री शिवांगी निराले, श्री सत्यम निंगवाल, श्री राजेश बालके, श्री सदाशिव कालमे, श्री महेश कालमे एवं श्री सिद्दिक खान सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

2.32 करोड़ से बने बिजली उपकेंद्र का लोकार्पण

8 गांवों में सुधरेगी बिजली सप्लाई, जिले का पहला आईएसओ प्रमाणित बिजली उपकेंद्र

सीहोर। ग्रामीण इलाकों में बिजली व्यवस्था बेहतर करने के लिए ढाबला केलवाड़ी गांव में नया बिजली उपकेंद्र शुरू किया गया है। गुरुवार को प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने 2 करोड़ 32 लाख रुपए की लागत से बने 33/11 केवी उपकेंद्र का फीता काटकर लोकार्पण किया।

यह उपकेंद्र बिलकिसगंज वितरण केंद्र के तहत शुरू किया गया है। यहां से तीन 11 केवी फीडर शुरू किए गए हैं। इनमें एक घरेलू और दो कृषि पंप फीडर हैं। इससे ढाबला केलवाड़ी, रामाखेड़ी, हीरापुर, पीपलनेर, किशनपुरा, नापली, चैनपुरा और सिकंदरगंज समेत आठ गांवों में बिजली सप्लाई बेहतर होगी। दो अलग कृषि पंप फीडर से किसानों को सिंचाई के लिए सही वोल्टेज में बिजली मिलेगी। इससे लो-वोल्टेज के कारण कृषि पंप खराब होने की समस्या से राहत मिलेगी और सिंचाई में सुविधा होगी। अलग घरेलू फीडर से ग्रामीणों को बिना बताए बिजली कटौती और बार-बार बिजली जाने की समस्या से राहत मिलेगी। इससे बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा के घरेलू काम बिना रुकावट हो सकेंगे।

बिजली उपकरण खराब होने की समस्या कम होने से ग्रामीणों का मरम्मत खर्च भी बचेगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने मंत्री को ज्यादा बिजली बिल आने सहित क्षेत्र की अन्य समस्याएं बताईं। मंत्री ने इन समस्याओं के जल्द समाधान का भरोसा दिया। लोकार्पण समारोह में नए विद्युत उपकेंद्र को मिला आईएसओ प्रमाण-पत्र भी सौंपा गया।

गणपति अथर्वशीष का पाठ कर बप्पा को लगाए छप्पन भोग, दी विदाई

श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज ने मनाया गणेश उत्सव



खरगोन। श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा गणेश उत्सव आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के साथ भक्ति भाव से मनाया गया। गुरुवार को गौरीधाम स्थित देवयानी सभागृह में देर शाम भगवान गणेश को छप्पन भोग लगाए गए।

स्वप्निल पंड्या,अंकित पंड्या और हर्षल शर्मा के आचार्यत्व में श्रद्धालुओं द्वारा गणपति अथर्वशीर्ष का सामूहिक पाठ किया गया और भगवान गणेश की महाआरती की गई। शुक्रवार को बप्पा को भावभीनी विदाई दी गई। समाज अध्यक्ष जितेंद्र जोशी और महिला मंडल अध्यक्ष इंदिरा मंडलोई ने बताया कि समाज द्वारा पिछले 50 से अधिक वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए 10 दिन तक आयोजित उत्सव में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के प्रभारी सुयश पंडित, अखिलेश मंडलोई ने समाजजनों का आभार माना। शैलेंद्र जोशी, अशोक जोशी, प्रवेश जोशी, अंकित रावल, विपिन जोशी, जय मंडलोई आदि का विशेष सहयोग रहा।

कालिंदी कुंज कॉलोनी में किया सुंदरकांड पाठ

नन्हे-मुन्ने बच्चों को समिति द्वारा उपहार प्रदान किए

हरिभूमि न्यूज ⏭खरगोन



कालिंदी कुंज सेवा समिति के तत्वावधान में शहर की कालिंदी कुंज कॉलोनी में सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में कॉलोनी के गणमान्य नागरिकों, महिला मंडल और बच्चों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर पाठ का श्रवण किया। सुंदरकांड पाठ का वाचन श्याम भाई सेन एवं श्री बालाजी रामायण मंडली के सदस्यों द्वारा किया गया। श्याम भाई द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए, जिसकी श्रद्धालुओं ने सराहना की। जय जय श्री राम और हनुमान जी के जयकारों से पूरी कॉलोनी भक्तिमय हो गई। गणेश उत्सव के अंतिम दिन विसर्जन से पूर्व पंडाल में प्रतिदिन हुई खेल गतिविधियों में भाग लेने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों को समिति द्वारा उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष प्रकाश वारिया, सचिव कमलेश भोकर, उपाध्यक्ष प्रेम सिंह डुडवे, समिति सदस्य खेमराज बुंदेले, विनोद पटेल, राकेश बर्डे, हिमांशु बुंदेले, ऋषि भोकरे, लखन तिवारी सहित महिला मंडल की समस्त मातृशक्ति और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान सुंदरकांड वाचक और भजन मंडली को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतिदिन शाम की आरती में सहयोग के लिए प्रणव गौतम तिवारी और प्रातः आरती में सहयोग के लिए मीना शर्मा का भी समिति द्वारा सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन समिति अध्यक्ष प्रकाश वारिया ने किया।

गणपती बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के साथ किया गणपती प्रतिमाओं का विसर्जन



हरदा। पिछले 10 दिन से चल रहे गणेश महोत्सव का शुक्रवार को गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ समापन हो गया। गणेश चतुर्थी पर घरों में गणेशजी की प्रतिमाएं पूजा-अर्चना कर स्थापित की गई थीं। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शुक्रवार को विधि-विधान से पूजा-आरती की गई। इसके बाद ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजे के साथ नाचते-गाते हुए शोभायात्राएं निकाली गईं। अजनाल नदी के किनारे बनाए गए विसर्जन कुंड में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। दोपहर बाद से विसर्जन कुंड के पास प्रतिमा विसर्जन के लिए भीड़ लगी रही। कुछ समितियों ने नर्मदा तट पर जाकर भी विसर्जन किया। इस दौरान 'गणपति बप्पा मोरया' और 'अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारे लगते रहे। श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रतिमाओं को विसर्जित किया। विसर्जन यात्रा में श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर खूब डांस किया। पूरे हरदा में गणेश महोत्सव का उत्साह बना रहा। घर-घर में स्थापित गणपति प्रतिमाओं को श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़े के साथ शोभायात्रा निकालकर विसर्जन कुंड में नर्मदा के पवित्र जल में विसर्जित किया।